रजिस्ट्री सं० डी-(डी)--73

REGISTERED NO. D-(D)

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 17] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 26, 1975 (वैसाख 6, 1897)
No. 17] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 26, 1975 (VAISAKHA 6, 1897)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

नोटिस
NOTICE

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 31 मार्च 1975 तक प्रकाशित किए गए हैं--
The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 31st March 1975 :—

अंक Issue No.	संख्या और तिथि No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject
54	सं० आर० एस० 1/1/75, दिनांक 31 मार्च 1975 No. RS. 1/1/75-L, dated the 31st March, 1975	राज्य सभा सचिवालय Rajya Sabha Secretariat	राष्ट्रपति द्वारा राज्य सभा का सत्रावसान । Rajya Sabha prorogued be the President.

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन नियंत्रक, सिविल लाईन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी । मांगपत्र नियंत्रक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं ।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on indent to the Controller of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Controller within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची

भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . . 349

भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . 549

भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . —

भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . 565

भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम . . . —

भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्ट . . —

भाग II—खंड 3—उपखंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं) . . 1175

भाग II—खंड 3—उपखंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारी द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं . . 1591

भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश . 279

भाग III—खंड 1—महालेखा परीक्षक, संघ लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं . 3077

भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस 259

भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं —

भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विधिक अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं 1137

भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिस . 67

CONTENTS

PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 349

PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 549

PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence .. .. —

PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence. 565

PART II—SECTION 1.—Acts. Ordinances and Regulations .. .. —

PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills. .. .. .. —

PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc., of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) .. 1175

PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) .. 591

PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence .. 279

PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India .. 3077

PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta .. 259

PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners .. .. —

PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies 1137

PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies 67

भाग I—खंड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधिवत् नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Supreme Court

---

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 14 अप्रैल 1975

सं० 24-प्रेज/75—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक प्रदान किए जाने का अनुमोदन करते हैं :—

1. श्री मेनथुपरांबिल कुंजुनी दिवाकरन, (मरणोपरांत)
   वेल्लूर, पो० ओ० पुतेनपोड़िका,
   त्रिचूर,
   केरल।

24 अगस्त, 1973 को लगभग 1 बजे अंतिकाड़ हाई स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र श्री मेनथुपरांबिल कुंजुनी दिवाकरन ने अंतिकाड़ लोअर प्राईमरी और अपर प्राइमरी स्कूल के दो छोटे बालकों को बिजली के तार से छू जाने के कारण अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष करते हुए देखा जिन पर वह तार गिरा हुआ था और जिसमें बिजली का करेंट आ रहा था। वह उन्हें बचाने के लिए दौड़े और उन्होंने एक छड़ी की सहायता से तार को उनसे अलग हटा दिया। ऐसा करते समय दुर्भाग्य से तार उन पर आ गिरा और बिजली से छू जाने के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

श्री मेनथुपरांबिल कुंजुनी दिवाकरन ने अपने जीवन की बलि देकर दो बालकों को बचाने में उत्कृष्ट साहस का परिचय दिया।

2. श्री मोहन साहू, (मरणोपरांत)
   गणपाड़ा, दुर्ग,
   मध्य प्रदेश।

दुर्ग नगर में 22 अगस्त, 1973 की रात को लगभग 8.25 बजे, 15 बालक भगवान कृष्ण की प्रतिमा को गंजपाड़ा मुहल्ले के 'बंध तालाब' में विसर्जित करने के लिए एक छोटी नाव में गए जिसे द्वारिका यादव और प्यारे चला रहे थे। तट से लगभग 25 फुट की दूरी पर अचानक नाव उलट गई। इस उपद्रव का पता चलते ही श्री मोहन साहू और कुछ और लोग तट की ओर दौड़े। श्री मोहन साहू ने अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए तालाब में छलांग लगा दी और डूबते हुए सभी बालकों को बचा लिया। उनमें से तीन की हालत खराब थी इसलिए श्री साहू उन्हें तत्काल अस्पताल ले गए। इन बालकों को बचाने में श्री साहू बुरी तरह थक गए थे। कुछ ही देर बाद वह गिर पड़े और उनकी मृत्यु हो गई।

डूबते हुए बच्चों को बचाने में श्री मोहन साहू ने बड़े जोखिम की स्थिति में उत्कृष्ट साहस और धैर्य का परिचय दिया और अपना जीवन न्यौछावर कर दिया।

सं० 25-प्रेज०/75—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को उत्तम जीवन रक्षा पदक प्रदान किए जाने का अनुमोदन करते हैं :—

1. कुमारी सरस्वती बाई,
   द्वारा श्री काशी राम धीमर,
   कोट्टी बाजार,
   होशंगाबाद,
   मध्य प्रदेश।

29 अगस्त से 31 अगस्त, 1973 तक तावा और नर्मदा नदियों में विध्वंसकारीबाढ़ के परिणामस्वरूप 1800 की आबादी वाला सम्पूर्ण मालखेड़ी गांव अलग-थलग पड़ गया था और जगह-जगह पर लोग बाढ़ में घिर गए थे। वे छतों और पेड़ों पर अटके पड़ थे। ज्यादातर नौकाएं या तो डूब गईं या बह गईं थीं और लोगों के बचने की कोई आशा न रही। ऐसी परिस्थिति में मछियारे की 15 वर्षीय लड़की कुमारी सरस्वती बाई ने बाढ़ ग्रस्त लोगों को बचाने के कार्य में सहायता करने के लिए अपने बीमार पिता को तैयार किया। उसके पिता की नाव दूर किसी स्थान पर बंधी हुई थी जहां तत्काल पहुंचना कठिन था। वह नाव लाने के लिए तैर कर पार गई, उसे स्वयं चलाकर हर छत तक गई और डूबते हुए व्यक्तियों को बचा लिया। उसने 31 अगस्त, 1973 को सबेरे 8 बजे बचाव कार्य शुरू किया था और बिना रुके शाम तक यह कार्य करती रही। उसके इस वीरतापूर्ण कार्य के फलस्वरूप 96 व्यक्तियों की जान बची। श्री लक्ष्मी नारायण और उसके पुत्र बेनी प्रसाद को बचाने के लिए उसने तेज धारा के विरुद्ध लगभग 1 कि० मी० नाव चलाई।

कुमारी सरस्वती बाई ने अपने जीवन के खतरे की परवाह न करते हुए बाढ़ में घिरे हुए ग्रामीणों को बचाने में उत्कृष्ट साहस और तत्परता का परिचय दिया।

2. श्री बिन्देश्वर प्रसाद श्रीवास्तव, (मरणोपरांत)
ग्राम और डाकखाना घटोहा,
थाना दाल सिंह सराय,
जिला दरभंगा,
बिहार।

18 मार्च, 1973 की रात के लगभग 8 बजे नूनुडीह जीतपुर कोयला खान में एक पतली पर्त में गैस विस्फोट हुआ। उस समय श्री बिन्देश्वर प्रसाद श्रीवास्तव डाउन कास्ट शैफ्ट के नीचे के ढाल पर स्थित हाई टेंशन पंप हाउस में थे। अन्दर फंसे ज्यादातर कर्मचारी तो अपनी जान बचाते हुए भाग निकले लेकिन श्री श्रीवास्तव अपने दो सहयोगियों सर्वश्री निरंजन सिंह और रामदानी को खान से सुरक्षा पूर्वक बाहर निकलने में उनकी सहायता करने के लिए रुके रहे। दोनों ही इस घोर विपत्ति से बच निकले। उस समय तक पंप हाउस में विषाक्त गैसें फैल चुकी थीं और श्री श्रीवास्तव पर उनका कुप्रभाव हो गया। यद्यपि उन्हें जीवित निकाल लिया गया परन्तु वे सांस द्वारा ली गई कार्बन मोनोक्साइड की भारी मात्रा को बर्दाश्त नहीं कर सके और 15 दिन बाद धनबाद के केन्द्रीय अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई।

श्री बिन्देश्वर प्रसाद श्रीवास्तव ने अपने दो साथियों के जीवन को बचाने में अत्यधिक साहस और तत्परता का परिचय देते हुए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया।

3. श्री कृष्ण सिंह, (परणोपरांत)
गांव पीपरा, डाकघर शाहजादपुर,
थाना बनियापुर,
जिला छपरा,
बिहार।

18 मार्च, 1973 को रात के लगभग 8 बजे नूनुडीह कोयला खान में एक पतली पर्त में गैस का विस्फोट हुआ। उस समय श्री कृष्ण सिंह शाफ्ट के पश्चिम में एम० आई०/टी० आई० पेनल में कार्य संचालन की देखभाल कर रहे थे। जिन चार अन्य कर्मचारियों को विस्फोट में चोट नहीं आई थी, उनके साथ वे शाफ्ट की ओर बाहर जाने लगे। जब श्री सिंह ने देखा कि उस क्षेत्र में कुछ और कर्मचारी उपस्थित हैं तो वे चार कर्मचारियों को बाहर निकालकर शेष कर्मचारियों की सहायता करने के लिए वापस गए। फैली हुई विषाक्त गैसों का उन पर असर हो चुका था जिसके परिणामस्वरूप उनकी मृत्यु हो गई। बाद में उनका शव पाया गया। श्री कृष्ण सिंह ने जिन चार व्यक्तियों की सहायता की थी उनमें से केवल एक ही बच पाया।

श्री कृष्ण सिंह ने, अपने साथियों का जीवन बचाने में अपने साहस का परिचय देते हुए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया।

4. श्री रंगनाथ रघु माली,
नानेगांव, तालुका पैठण,
जिला औरंगाबाद,
महाराष्ट्र।

12 मार्च, 1973 को दोपहर के लगभग 12 बजे औरंगाबाद जिले में नानेगांव में सामुदायिक कुएं में सुरंग लगाने का काम चल रहा था। इस काम की जांच के लिए एक मजदूर, श्री राजपूत राम, कुएं में उतरा और कुएं में दम घुटने के कारण वह बेहोश होकर गिर पड़ा। उसके बाद श्री प्रभु लक्ष्मण, श्री रोहिदास राम और श्री रोहिमत राम ने अपने साथियों को बचाने के लिए कुएं में प्रवेश किया। ये चारो मजदूर बेहोश हो गए और एक दूसरे की सहायता करने में असमर्थ थे। यह देखकर श्री रंगनाथ रघु माली अपने साथियों की सहायता करने के लिए अपने साथ कुछ पानी लेकर कुएं में गए। उन्होंने फंसे हुए मजदूरों को पानी दिया और फिर बाहर अपने साथियों से कहा कि उन्हें ऊपर खींचें। ऊपर आते हुए वे भी बेहोश हो गए। लेकिन होश आने के तुरन्त बाद वे अपने फसे हुए साथियों को बचाने के लिए फिर से कुएं में गए। उनकी सहायता से फंसे हुए चारों मजदूरों को कुएं से बाहर निकाल लिया गया। यद्यपि उनमें से दो मजदूरों—राजपूत राम और प्रभु लक्ष्मण की मृत्यु हो गई परन्तु अन्य दो मजदूर—रोहिदास राम और रोहिमत राम चिकित्सा के बाद बच गये।

श्री रंगनाथ रघुमाली ने, अपने जीवन के खतरे की परवाह न करते हुए कुएं में फंसे अपने साथियों को बचाने में उत्कृष्ट साहस और तत्परता का परिचय दिया।

सं० 26, प्रेज/75—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को जीवन रक्षा पदक प्रदान किए जाने का अनुमोदन करते हैं :—

1. श्री पूर्णानन्द लक्ष्मण नायक,
उत्तरी कनारा जिला,
कर्नाटक।

8 फरवरी 1974 की सुबह बेलगांव के सर्वश्री नगन्ना गोविन्द पटेल और बासप्पा भोजप्पा कुम्बेर सागर-स्नान के लिए महाबलेश्वर मन्दिर गए। कुछ दूरी तक तैरने के बाद, समुद्र के अशांत होने के कारण उनकी शक्ति क्षीण हो गई। श्री महाबल महादेव भट मुले ने, जो समुद्र-तट पर थे, उनको डूबते हुए देखा और वे मदद के लिए चिल्लाए। समुद्र की ओर आते हुए श्री पूर्णानन्द लक्ष्मण नायक ने इस घटना को देखा और अपने जीवन के जोखिम की परवाह न करते हुए तत्काल समुद्र में कूद पड़े तथा एक-एक करके दोनों व्यक्तियों को समुद्र तट पर ले आए। उन्हें तत्काल गोकरण अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें प्राथमिक चिकित्सा दी गई जिसके फलस्वरूप दोनों व्यक्तियों की जान बच गई। श्री पूर्णानन्द लक्ष्मण नायक ने साहस और तत्परता से काम लिया तथा स्वयं को भयंकर खतरे में डालकर दो व्यक्तियों की जानें बचाई।

2. श्री गब्बू, (मरणोपरांत)
पुत्र श्री सुख लाल,
ग्राम मौला, डाकखाना बल्वो,
तहसील हरसूद, जिला पूर्वी निमाड़,
मध्य प्रदेश।

3. श्री बाबू, (मरणोपरांत)
पुत्र श्री रामचन्द्र
ग्राम मौला, डाकखाना बल्दी,
तहसील हरसूद, जिला पूर्वी निमाड़,
मध्य प्रदेश।

29 और 30 अगस्त, 1973 को नर्मदा नदी में बाढ़ आई हुई थी। जिला पूर्वी निमाड़ (खंडवा) के अन्तर्गत तहसील हरसूद में ग्राम मौला बाढ़ के पानी से चारों ओर से घिर गया था जिससे ग्रामवासियों और उनके पशुओं का जीवन संकट में पड़ गया। सर्वश्री गब्बू और बाबू, दो नाविकों ने असहाय व्यक्तियों तक पहुंचने के लिए, उन्हें बाढ़ पीड़ित क्षेत्र से निकाल कर सुरक्षित कर सुरक्षित स्थान पर ले जाने की दृष्टि से एक डोंगी ली। वे पूरे दिन बाढ़ की प्रचण्डता से कठोर संघर्ष करते रहे और सूर्यास्त तक 35 ग्रामीणों और 50 पशुओं की जान बचाने में सफल हुए। जब वे सात ग्रामीणों के आखिरी दल को बचा कर ला रहे थे, उस समय तक वे पूरी तरह थक चुके थे। कम रोशनी में साफ दिखाई न देने के कारण डोंगी एक पेड़ से टकरा कर उलट गयी जिसके फलस्वरूप सर्वश्री गब्बू और बाबू तथा पांच ग्रामीणों की मृत्यु हो गई।

सर्वश्री गब्बू और बाबू ने संयुक्त रूप से इस महान वीरतापूर्ण कार्य में महान साहस और तत्परता दिखाई और इस बचाव कार्य में अपना जीवन न्यौछावर कर दिया।

4. डा० सलीमुद्दीन, (मरणोपरांत)
नीमच, जिला मन्दसौर,
मध्य प्रदेश।

30 दिसम्बर, 1973 की सुबह नीमच हवाई अड्डे पर एक शेर आ गया और उसने ग्राम धामन्या के श्री राम सिंह को मार डाला और उसके बाद उसी ग्राम में पांच व्यक्तियों के एक परिवार तथा पटवारी पर आक्रमण करके उन्हें गम्भीर रूप से घायल कर दिया। नीमच में यह एक साप्ताहिक हाट का दिन था, इसलिए नगर में आने वाले व्यक्तियों को बचाने की दृष्टि से शेर को मारना जरूरी था। शेर को ढूंढ निकालने के लिए, ग्राम धामन्या जाने वाले अनुमण्डलाधिकारी (पुलिस) (एस० डी० ओ०), नीमच तथा सी० आर० पी० के कुछ अधिकारियों के शिकारी दल के साथ डा० सलीमुद्दीन स्वेच्छा से चल दिये। दल तीन टुकड़ियों में बंट गया और तीन तरफ से नाले में छिप हुए शेर की तलाश शुरू कर दी। पहले-पहल डा० सलीमुद्दीन ने शेर को देखा और लगभग 30 फीट की दूरी से उस पर गोली चलाई। नाला पार करके शेर जैसे ही झाड़ियों में से निकल कर आया, उसने डा० सलीमुद्दीन पर आक्रमण कर दिया और उनकी पसलियों, फेफड़ों तथा पेट को बुरी तरह घायल कर दिया। अपनी सूझबूझ खोए बिना डा० सलीमुद्दीन ने फिर गोली चलाई जिसके फलस्वरू शेर ने उन पर दुबारा आक्रमण किया। उन्होंने फिर गोली चलाई और उसके बाद एस० डी० ओ० (पुलिस) ने शेर पर गोली दागी जिससे वह जमीन पर गिरा और मर गया। गम्भीर रूप से घायल डा० सलीमुद्दीन को तत्काल नीमच तथा मंदसौर के अस्पतालों में ले जाया गया किन्तु घावों की वजह से 6 जनवरी, 1974 को उनकी मृत्यु हो गई।

डा० सलीमुद्दीन ने अपने जीवन को गंभीर खतरे में डाल कर एक नरभक्षी शेर को मारने की इस कार्यवाही में साहस और तत्परता का परिचय दिया और अपना जीवन न्यौछावर कर दिया।

5. श्री एम० एन० थंकप्पन,
राजकीय हाई स्कूल, कैथरम,
उत्तरी परूर,
केरल।

6. श्री कंकी कुट्टप्पन,
वरीपिल, डाकखाना कैथरम,
परूर तालुक,
केरल।

7. श्री कन्दुम्नी करुणाकरन आचारी,
मुल्लयापिल्लिल, हाउस, डाकखाना कैथरम,
परूर तालुक,
केरल।

8. श्री के० करुणाकरन नायर,
पुलिप्रा, थराइल वीडू, कैथरम,
परुर तालुक,
केरल।

20 नवम्बर, 1973 को कोट्टवल्ली ग्राम में मिट्टी का तेल बेचने वाली एक राशन की दुकान में आग लग गई जिसके अचानक ही फैल जाने के परिणामस्वरूप वहां पर मौजूद उन्नीस ग्राहक उसकी लपेट में आ गए। सर्वश्री एम० एन० थंकप्पन, कंकी कुट्टप्पन, के० करुणाकरन् आचारी और के० करुणाकरन नायर तुरन्त घटनास्थल पर पहुंचे और अपने जीवन की परवाह न करते हुए उन्होंने सभी उन्नीस व्यक्तियों को जलती हुई दुकान में से बाहर खींच निकाला। घटनाग्रस्त व्यक्तियों में से चार की वहीं मृत्यु मृत्यु हो गई और बुरी तरह जल जाने के कारण तीन और बाद में अस्पताल में मर गए। शेष व्यक्तियों की जानें बच गई। बचाने वाले व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें उस्पताल में दाखिल कराना पड़ा। सर्वश्री कंकी कुट्टप्पन और थंकप्पन लगभग तीन महीने अस्पताल में रहे। सभी ने, आग में ग्रस्त असहाय व्यक्तियों को बचाने में, असाधारण साहस और तत्परता का परिचय दिया और यदि वे इस तरह वीरता से काम न करते तो मरने वालों की संख्या कहीं अधिक होती।

9. श्री कुरील अप्पुकुट्टी, (**मरणोपरांत**)
थरम्मल हाउस, हाउस नं० 5/662-जे,
कचेरी ग्राम, सेंट विसेंट कालोनी, पी० ओ०,
कोझीकोडे।

कोझीकोडे स्थित जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के चपरासी श्री के० अप्पुकुट्टी अपने घर में पेचिश की बीमारी के बाद

स्वास्थ्य लाभ के लिये अपने घर में आराम कर रहे थे। उन्होंने 9 जुलाई, 1972 की शाम लगभग 7 बजे मिरगी-रोग ग्रस्त अपने पड़ोसी श्री टी० वी० ससी को बहुत नाजुक स्थिति में पाया जो फिसल कर एक खाई में जा गिरा था। जिसमें भारी वर्षा के कारण 8 फुट गहरा पानी भरा था। श्री आपुकुट्टी अपने खराब स्वास्थ्य के बावजूद, तत्काल खाई में कूद पड़े और श्री ससी को पकड़ कर बाहर निकाला और उसे डूबने से बचा लिया। किन्तु उनके सिर में चोटें लगी थीं। उन्हें हस्पताल में भर्ती कराया गया और आपरेशन किया गया परन्तु चोटों के कारण दूसरे दिन उनकी मृत्यु हो गई।

श्री के० अप्पुकुट्टी ने श्री ससी का जीवन बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

10. श्री महेन्द्र सिंह,
पुत्र श्री रतन सिंह,
ग्राम उमरी, डाकखाना म्याना,
जिला गुना,
मध्य प्रदेश।

1 अगस्त, 1973 को लगभग 2.30 बजे अपराह्न नवीन नाम का एक 7 वर्षीय बालक, जो कुछ बच्चों के साथ खेल रहा था, धनबिदा बंगले के प्रांगण में लगभग 35 फुट गहरे कुएं में गिर पड़ा। बच्चों का शोर सुनकर, 11-12 वर्षीय श्री महेन्द्र सिंह घटना स्थल पर आए और अपने जीवन की परवाह न करते हुए डूबते हुए बच्चे को बचाने के लिए कुएं में कूद पड़े। बाद में उन दोनों को, रस्सी में बाल्टी बांध कर, कुएं से बाहर निकाला लिया गया।

डूबते हुए बच्चे को बचाने में श्री महेन्द्र सिंह ने भारी सूझबूझ, साहस और तत्परता का परिचय दिया।

11. कुमार मोहन दत्तात्रेय कुलकर्णी,
30, बखारभाग, सदर डाकखाना, सांगली,
जिला सांगली,
महाराष्ट्र।

14 मार्च, 1972 को सांगली में गुजराती हाई स्कूल के निकट बखर क्षेत्र में नाली बनाने का काम चल रहा था। पास की एक पाइपलाइन फट जाने के कारण उस स्थान पर छः-सात फुट गहरा पानी भर गया था। शाम के लगभग 6.30 बजे स्कूल के दो लड़के 4 वर्षीय कुमार शशि भीमराव पाटिल और 6 वर्षीय कुमार गोत्या भीमराव पाटिल, जो पास ही खेल रहे थे। अपना संतुलन खो बैठने के कारण नाली में गिर पड़े। 12 वर्षीय कुमार मोहन दत्तात्रेय कुलकर्णी ने इस घटना को देखा और तुरन्त घटना-स्थल पर पहुंच कर दोनों बच्चों को डूबने से बचा लिया। यदि कुमार कुलकर्णी समय पर सहायता के लिए न पहुंच पाते तो दोनों बच्चे अपनी जान से हाथ धो बैठते।

अपने जीवन को भारी खतरे में डाल कर कुमार मोहन दत्तात्रेय कुलकर्णी ने महान साहस और तत्परता का परिचय दिया।

12. शेख गुडुमियां साहिब इब्राहिम,
फाटक नं० 23, ब्रेट्स रोड,
मुल्लुवाडी, सेलम-1,
तमिल नाडु।

8 दिसम्बर, 1972 को अप्रत्याशित वर्षा के कारण थीरुमनिमूथर नदी में पानी का स्तर अकस्मात् बढ़ जाने से सेलम नगर के अधिकांश निचले क्षेत्रों में पानी भर गया। नदी के किनारे पर सात व्यक्ति पानी के बहाव में फंस गए थे और वे बह कर गांधी-ब्रिज के खंभों में अटक गए। नदी के तेज़ बहाव के कारण बचाव की कारवाई में बड़ी कठिनाई हो रही थी। शेख गुडुमियां साहिब इब्राहिम स्वेच्छा से पानी में कूद पड़े और उन सभी व्यक्तियों को जो खम्भों से चिपके हुए थे, सुरक्षित स्थान पर ले आए।

शेख गुडुमियां साहिब इब्राहिम ने जो असाधारण साहस और कौशल का परिचय दिया, उसके फलस्वरूप ही सात व्यक्तियों की जानें बच सकीं।

13. श्री द्विज पद पंडा, माइनिंग सरदार,
द्वारा प्रबन्धक, लाचीपुर कोयला खान,
डाकखाना कजोर ग्राम, जिला बर्दवान,
पश्चिमी बंगाल।

लाचीपुर कोयला खान में लोअर कजोर सीम के राइज़ पेनल नं० 2 में जहां पर 31 फरवरी, 1973 को 70 मीटर की गहराई पर खम्भे हटाने का कार्य चल रहा था, एक गंभीर विस्फोट हुआ। यद्यपि कहीं-कहीं पर जमीन धंसने की वारदातें नियमित रूप से हो रही थीं, परन्तु हवा में हुए इस विस्फोट के समय तक कोई खास विस्फोट नहीं हुआ था। जैसे ही छत हिलने के आसार दिखाई पड़े, अंडर मैनेजर, ओवरमेन और माइनिंग सरदार ने तत्काल कार्रवाई की और उस क्षेत्र से व्यक्तियों को हटाना शुरु कर दिया। ऐसा लगा कि मज़दूर अपने काम में मग्न थे और जब उन्हें वहां से हटने को कहा गया तो ट्रेनिंग दिये जाने के बावजूद उन्होंने तुरन्त हटना शुरु नहीं किया। माइनिंग सरदार श्री द्विज पद पंडा को ऐसे लगा कि कार्यकर्त्ता सुस्ती कर रहें हैं, और चेतावनी दिये जाने के बाद भी जल्दी से सुरक्षित स्थानों में नहीं जा रह हैं। आपने लगातार एक-एक कार्यकर्त्ता के पीछे भाग कर 210 मीटर तक फैले हुए क्षेत्र से उन्हें भागने पर वस्तुतः मजबूर कर दिया।

श्री द्विज पद पंडा ने अपने निजी जीवन को भारी खतरा होने की परवाह नहीं की और उन्हें गहरी चोटें लगीं। उनकी पहल-कदमी, साहस और तत्परता के परिणामस्वरूप अनेक जानें बच गईं।

14. श्री कल्याण सेनगुप्ता, (**मरणोपरांत**)
41/बी०/1, गरियाघाट रोड (दक्षिण),
कलकत्ता-31।

8 मार्च, 1974 को सुबह लगभग 11.20 बजे, श्री कल्याण सेनगुप्ता हुगली नदी में स्नान करने के लिए अपने निवास स्थान के निकट घंगाइल गए। उसी समय, उनके पड़ोसी की पुत्री भी नदी में स्नान कर रही थी। वह अकस्मात् गहरे पानी में गिर पड़ी और डूबने लगी। उसको इस तरह डूबते देखकर, श्री सेनगुप्ता

तत्काल उसकी ओर कूदे और किसी तरह उसे पानी से निकाल कर नदी में एक सुरक्षित स्थान की ओर धकेल दिया। इस प्रक्रिया में वे स्वयं फिसल कर गहरे पानी में जा गिरे और पानी के तेज बहाव के कारण बाहर नहीं निकल सके और डूब गए।

श्री कल्याण सेनगुप्ता के सराहनीय साहस और तत्परता के कारण ही लड़की की जान बच गई।

कृ० बालचन्द्रन्,
राष्ट्रपति के सचिव

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 20 मार्च 1975

सं० एफ० 2(19)-एन० एस०/74/(II)—भारत सरकार, वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) की 28 फरवरी 1970 की अधिसूचना सं० एफ० 3(8)/-एन० एस०/70 द्वारा प्रकाशित डाक-घर (आवर्ती जमा) नियमावली 1970 में और आगे संशोधन करते हुए राष्ट्रपति एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाते हैं :—

1. (1) इन नियमों को डाक-घर (आवर्ती जमा) (संशोधन) नियमावली, 1975 कहा जाएगा।

(2) ये नियम पहली अप्रैल 1975 से लागू होंगे।

2. डाक-घर (आवर्ती जमा) नियमावली 1970 (जिसे यहां से आगे उक्त नियमावली कहा गया है) के नियम 6 में :—

(i) खण्ड (क) में, उपनियम (2) में "अदायगी न करने के हर महीने के लिए पांच रुपए की प्रत्येक किस्त के लिए 3 पैसे" के उपबन्ध के स्थान पर निम्नलिखित पढ़ा जाएगा, अर्थात् :—

"अदायगी न करने के हर महीने के लिए प्रत्येक 5 रुपए की किस्त के लिए 4 पैसे"।

(ii) उप-नियम (3) में, उप खण्ड (i) और (ii) के स्थान पर निम्नलिखित उप-खण्ड पढ़े जाएंगे, अर्थात् :—

"(i) किसी कैलैण्डर मास में 12 महीनों के लिए जमा की गई रकमें	5 रुपए के मूल्य के खाते के लिए 2 रुपए
(ii) किसी कैलैण्डर मास में 6 महीनों के लिए जमा की गई रकमें	5 रुपए के मूल्य के खाते के लिए 50 पैसे।

3. उक्त नियम के नियम 12 में :—

(i) उप नियम (3) के खण्ड (क) और (ख) में अंकों "7.2" के स्थान पर अंक "9.6" पढ़े जाएंगे ;

(ii) उप नियम (3), के नीचे दी गई मौजूदा "टिप्पणी" के स्थान पर निम्नलिखित "टिप्पणी" पढ़ी जाएगी, अर्थात् :—

"टिप्पणी :—पहली अप्रैल 1975 से पहले निकाली गई रकमों पर ब्याज की वसूली निम्नलिखित दरों पर की जाएगी :—

(i) 1-4-72 से पहले निकाली गई रकमों पर	6-1/2 प्रतिशत वार्षिक
(ii) 1-4-72 से 31-3-75 तक निकाली गई रकमों पर	7.2 प्रतिशत वार्षिक

ए० वी० श्रीनिवासन,
अवर सचिव

कृषि तथा सिंचाई मंत्रालय

(सिंचाई विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक मार्च 1975

संकल्प

सं० 7/3/73-फ० ब० प०—फरक्का बराज नियंत्रण बोर्ड की स्थाई समिति के गठन के संबंध में भूतपूर्व सिंचाई और विद्युत मंत्रालय के संकल्प सं० 1/13/67-फ० ब० प०, दिनांक 23 जून, 1969 जिसकी उसी मंत्रालय के संकल्प सं० 7/3/73-फ० ब० प०, दिनांक 25 फरवरी, 1974 के द्वारा संशोधित किया गया था, के संशोधन में पैरा 2 में दिए गए इन्दराजों के स्थान पर निम्नलिखित इन्दराज रखे जाएं :—

1.	अपर सचिव, कृषि और सिंचाई मंत्रालय, (सिंचाई विभाग) नई दिल्ली।	अध्यक्ष
2.	अध्यक्ष, केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली	सदस्य
3.	कलकत्ता पत्तन आयुक्तों के अध्यक्ष, कलकत्ता।	सदस्य
4.	संयुक्त सचिव, जहाजरानी और परिवहन, मंत्रालय, नई दिल्ली।	सदस्य
5.	संयुक्त सचिव, वित्त मंत्रालय, (व्यय विभाग), नई दिल्ली।	सदस्य
6.	आयुक्त (गंगा बेसिन) एवं पदेन संयुक्त सचिव, (गं० बे०), कृषि और सिंचाई मंत्रालय, (सिंचाई विभाग), नई दिल्ली।	सदस्य
7.	सचिव, पश्चिम बंगाल सरकार, सिंचाई और जलमार्ग विभाग, कलकत्ता।	सदस्य

8. महाप्रबन्धक, फरक्का बराज परियोजना, डाकखाना फरक्का बराज, जिला मुर्शिदाबाद, (पश्चिम बंगाल)। — सदस्य

9. सचिव, फरक्का बराज नियंत्रण बोर्ड, नई दिल्ली। — सचिव

आदेश

आदेश दिया जाता है कि उपयुक्त संकल्प पश्चिम बंगाल सरकार, भारत सरकार के मंत्रालयों, भारत के नियंत्रक तथा महालेखापरीक्षक, प्रधान मंत्री सचिवालय, राष्ट्रपति के सचिव और योजना आयोग को भेज दिया जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया जाए तथा पश्चिम बंगाल सरकार से अनुरोध किया जाए कि इसे आम सूचना के लिए राज्य के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया जाए।

सत्येन्द्र नाथ गुप्ता,
संयुक्त सचिव

उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय

(नागरिक पूर्ति और सहकारिता विभाग)

नई दिल्ली-110001, दिनांक 22 मार्च 1975

संकल्प

सं० आर० 17011/3/74-योजना तथा समन्वय—सहकारी विकास से संबंधित नीतियां तैयार करने और उन्हें कार्यान्वित करने के बारे में भारत सरकार को सलाह देने के लिए संकल्प सं० आर० 15013/2/70-यो० तथा सम० दिनांक 2-9-1972 द्वारा दो वर्षों के कार्यकाल के लिए एक सलाहकार परिषद् गठित की गई थी, इस परिषद् का कार्यकाल समाप्त हो जाने पर सहकारिता सम्बन्धी सलाहकार परिषद् को इस संकल्प के जारी होने की तारीख से पुनः गठित करने का निर्णय किया गया है। इसमें निम्न सदस्य होंगे :—

1. श्री टी० ए० पाई, मंत्री (उद्योग तथा नाग० पूर्ति) — अध्यक्ष
2. श्री ए० सी० जार्ज, राज्य मंत्री, (उद्योग तथा नाग० पूर्ति) — उपाध्यक्ष
3. श्री आर० के० त्रिवेदी, अपर सचिव, (नाग० पूर्ति तथा सह०) — सदस्य
4. श्री सेवाई सिंह सिसोदिया, संसद् सदस्य, राज्य सभा। — सदस्य
5. श्री एम० रामगोपाल रेड्डी, संसद सदस्य, लोक सभा। — सदस्य
6. श्री टी० ए० पाटिल, संसद सदस्य, लोक सभा। — सदस्य
7. अध्यक्ष, आल इंडिया हैंडलूम फैबरिक्स, मार्केटिंग कोआपरेटिव सोसाइटी लि०। — सदस्य
8. अध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी डेरी परिसंघ, — सदस्य
9. अध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ। — सदस्य
10. अध्यक्ष, अखिल भारतीय राज्य सहकारी, बैंक परिसंघ लि०। — सदस्य
11. अध्यक्ष, राष्ट्रीय सहकारी भूमि, विकास बैंक परिसंघ लि०। — सदस्य
12. अध्यक्ष, राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता परिसंघ लि०। — सदस्य
13. अध्यक्ष, राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना परिसंघ। — सदस्य
14. अध्यक्ष, अखिल भारतीय औद्योगिक सहकारी सोसाइटी परिसंघ। — सदस्य
15. अध्यक्ष, अखिल भारतीय सहकारी कताई मिल परिसंघ लि०। — सदस्य
16. अध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन परिसंघ लि०। (नेफेड) — सदस्य
17. श्री बी० शिवारमण, सदस्य, योजना आयोग। — सदस्य
18. श्री एम० ए० कुरेशी, सचिव, ग्राम विकास विभाग। — सदस्य
19. श्री एन० सी० सेनगुप्ता, सचिव, बैंकिंग विभाग। — सदस्य

20. श्री सी० डी० दाते, सदस्य
कार्यकारी निदेशक
भारतीय रिजर्व बैंक,
कृषि ऋण विभाग।

21. श्री वंकटापैया, सदस्य
अध्यक्ष,
ग्राम विद्युतीकरण निगम लि०।

22. डा० धर्म नारायण, सदस्य
अध्यक्ष,
कृषि मूल्य आयोग।

23. डा० मनमोहन सिंह, सदस्य
भारत सरकार के मुख्य
आर्थिक सलाहकार,
वित्त मंत्रालय,
अर्थ विभाग।

24. डा० वी० कुरियन, सदस्य
अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक,
गुजरात सहकारी दुग्ध
विपणन परिसंघ लि०।

2. इस परिषद के विचारार्थ विषय निम्न होंगे :—

(i) देश में सहकारी विकास से संबंधित व्यापक नीति विषयक मामलों के बारे में सरकार को सलाह देना ;

(ii) सहकारी विकास से संबंधित नीतियों के कार्यान्वयन में राष्ट्रीय सहकारी संगठनों की भूमिका पर विचार करना , और

(iii) महत्वपूर्ण सहकारी गतिविधियों की प्रगति और समस्याओं का पुनर्विलोकन करना।

3. परिषद की बैठक उतनी बार होगी जितनी बार आवश्यक हो।

4. परिषद का कार्यकाल 2 वर्ष होगा।

आदेश

आदेश है कि इस संकल्प की प्रति सभी सम्बन्धितों को भेजी जाएं। यह भी आदेश है कि इस संकल्प को आम सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

के० एस० बावा,
संयुक्त सचिव

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

नई दिल्ली, दिनांक मार्च 1975

संकल्प

सं० एफ० 20019/1/75-प्रशा०-1—भारत सरकार ने निश्चय किया है कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सी० एस० झा भी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (एन० सी० एस० टी० सचिवालय) के दिनांक 25 जनवरी, 1975 के संकल्प स० एफ० 20019/1/75-प्रशा०-1 के अनुसार पुनर्गठित राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी समिति (एन० सी० एस० टी०) के इसी समय से सदस्य होंगे।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक प्रति सब राज्य सरकारों, संघीय क्षेत्रों के प्रशासन, भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों, योजना आयोग रेलवे बोर्ड, राष्ट्रपति के सचिवालय, उप राष्ट्रपति के सचिवालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, प्रधान मंत्री के सचिवालय, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, तथा पुनर्गठित एन० सी० एस० टी० के अध्यक्ष एवं समस्त सदस्यों को भेज दी जाएं।

दिनांक 18 मार्च 1975

शुद्धि-पत्र

सं० एफ० 20019/1/75-प्रशा०-1—विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (एन० सी० एस० टी० सचिवालय) के दिनांक 25 जनवरी 1975 के संकल्प सं० एफ० 20019/1/75-प्रशा०-1 के, पैरा 1 में दी गई सदस्यों की सूची के क्रम सं० 18 के स्थान पर निम्नलिखित कर दिया जाए।

18 प्रोफेसर आ० सिद्दीकी,
आचार्य, अणुजीव विज्ञान,
(प्रोफेसर आफ मालिक्यूलर बायोलाजी)
टाटा मौलिक अनुसंधान संस्थान,
बम्बई।"

एस० के० सुब्रमण्यन, सचिव
एन० सी० एस० टी०
तथा पदेन संयुक्त सचिव

ऊर्जा मंत्रालय

(विद्युत् विभाग)

नई दिल्ली दिनांक 17 मार्च 1975

संकल्प

सं० 33/14/74-नीति—दिनांक 21 अक्तूबर 1974 के अनुसार एक समिति का गठन इस उद्देश्य से किया गया था कि वह इस बात का मूल्यांकन करे कि केन्द्रीय विद्युत् अनुसंधान संस्थान, बंगलौर की जिन उद्देश्यों से स्थापना की गई थी, उन्हें प्राप्त करने में उसने कहां तक सफलता प्राप्त की है और यह सुझाव भी दे कि भविष्य में इसके विकास की योजना किस प्रकार से बनाई जानी चाहिए। समिति को चार महीनों की अवधि में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी थी। समिति का कार्य-काल 20-2-1975 को समाप्त हो गया था। क्योंकि समिति को अपनी रिपोर्ट को अन्तिम रूप देने के लिए कुछ और समय की आवश्यकता होगी, इसलिए भारत सरकार ने समिति के कार्य-काल में 21-2-1975 से तीन महीने की अवधि की और वृद्धि करने का निर्णय लिया है।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प भारत के राजपत्र, भाग एक, खण्ड एक में प्रकाशित किया जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रतिलिपि भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों, सभी राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों तथा समिति के अध्यक्ष/सदस्यों को भेज दी जाए।

सी० एस० हुकमानी,
उप सचिव

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

नई दिल्ली-1, दिनांक 14 मार्च 1975

संकल्प

सं० 22/393/75-पी० आर० एन० पी०—प्राक्कलन समिति की सिफारिश के अनुसरण में, भारत सरकार ने 29 जुलाई 1964 में समाचार पत्रों और दूसरे सम्बन्धित मामलों के आयात और अखबारी कागज तथा प्रिंटिंग मशीनरी के आवंटन की नीति के प्रश्न के सम्बन्ध में सरकार को सलाह देने के लिए एक समिति की स्थापना की। न्यूज प्रिंट एडवाइजरी कमेटी का अब फिर इस प्रकार गठन किया गया है :—

अध्यक्ष	सूचना और प्रसारण मंत्री
उप-अध्यक्ष	सूचना और प्रसारण उप-मंत्री

गैर-सरकारी सदस्य

इण्डियन एण्ड ईस्टर्न न्यूज पेपर सोसाइटी के मनोनीत सदस्य

(अ) श्री पी० के० राय,
अमृत बाजार पत्रिका, कलकत्ता-1

(ब) श्री के० नरेन्द्र,
दैनिक प्रताप, नई दिल्ली-1

(स) श्री सी० जी० के० रेड्डी,
हिन्दू, मद्रास-1

इण्डियन लैंग्यूवजेज न्यूज पेपर एसोसिएशन के मनोनीत संदस्य

(अ) श्री रती लाल सेठ,
जन्म भूमि, बम्बई।

(ब) श्री के० एस० देशपांडे,
मार्थवाड़ा, औरंगाबाद।

सरकार के मनोनीत सदस्य

(अ) श्री चन्दूलाल चन्द्राकर,
संसद सदस्य (लोक सभा)।

(ब) श्री ऐरा सेझियन,
संसद सदस्य (लोक सभा)

(स) श्री जे० एस० तिलक,
संसद सदस्य (राज्य सभा)।

(द) श्री टी० आर० रामास्वामी,
इण्डियन फैडरेशन आफ वर्किंग जरनलिस्ट के प्रतिनिधि।

(ई) श्री बी० एन० आजाद,
अध्यक्ष,
आल इण्डिया न्यूज पेपर्स एडीटर कानफ्रेंस।

(फ) श्री निखिल चक्रावर्ती,
सम्पादक, "मेन स्ट्रीम"।

(जी) श्री अबिद अली,
"सियासत" हैदराबाद।

(ह) श्री साधू सिंह हमदर्द,
सम्पादक "अजीत" जालन्धर।

(इ) श्री एम० सनमुगेवल,
सम्पादक "मक्कल कुरल" मद्रास।

सरकारी सदस्य

(अ) वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) का प्रतिनिधि।

(ब) औद्योगिक और सिविल पूर्ति मंत्रालय का प्रतिनिधि।

(स) भारत के राज्य व्यापार निगम का प्रतिनिधि।

(द) मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात का प्रतिनिधि।

(इ) सूचना और प्रसारण मंत्रालय का प्रतिनिधि (संयुक्त सचिव, सूचना)।

(फ) भारत के समाचारपत्रों के रजिस्ट्रार, जो समिति के सचिव भी होंगे।

अध्यक्ष को अतिरिक्त सदस्य सहयोजित करने का अधिकार होगा तथा वह ऐसे सरकारी और गैर-सरकारी लोगों को भी बैठक में उपस्थित होने का निमन्त्रण दे सकता है जिनको वह ठीक समझता है।

गैर-सरकारी सदस्यों की सदस्यता का कार्यकाल उनकी नियुक्ति के दिन से दो वर्ष का होगा परन्तु नियुक्त होने वाला सदस्य दुबारा नियुक्ति का पात्र होगा।

समिति की सदस्यता अवैतनिक होगी परन्तु गैर-सरकारी सदस्य वित्त मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन सं० एफ० 6(26) ई०-4/59 दिनांक 5-9-1960 और जैसा समय-समय पर संशोधित हुआ, के अनुसार यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता के हकदार होंगे।

समिति साधारणतः वर्ष में दो बार बैठेगी।

आदेश

आदेश दिया कि इस संकल्प की एक प्रति भारत के राजपत्र में सार्वजनिक सूचना के लिए प्रकाशित की जाए।

एस० के० एस० चिब,
संयुक्त सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 14th April 175

